उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः– 251/17/मा0प्रा0/G-2/2023-24 दिनांकः 21 दिसम्बर 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–A-1/Draftsman/S-2/2023 दिनांक 29 मई 2023 द्वारा मानचित्रकार/मानचित्रक/प्रारूपकार परीक्षा–2023 के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन के क्रम में लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा दिनांक 05 नवम्बर 2023 को आयोजित की गयी है। इस विज्ञापन के क्रम में अभ्यर्थियों के अभिलेखों का परीक्षण किया जाना है, जिसके दृष्टिगत लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची के आधार पर रिक्तियों के 02 गुना अनुपात में तथा उपश्रेणी अनाथ/प्रभावित बच्चे, डी.एफ.एफ., पूर्व सैनिक एवं दिव्यांगजन पदों के लिए अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए अभिलेख सत्यापन हेतु अनुक्रमांक सूची आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। अभिलेख सत्यापन सूची के क्रम में कट ऑफ मार्क्स एवं अन्तिम उत्तर कुंजी भी आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित की गयी है। अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रसारित किये जायेंगे।

यह भी सूचित किया जाता है अभ्यर्थियों के प्राप्तांक अंतिम चयन परिणाम के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। उक्त के क्रम में सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तांक से सम्बन्धित अनुरोध पत्रों के क्रम में अन्तिम चयन परिणाम से पूर्व कोई सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

-SD-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।